प्रादेशिक समाचार
09.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विधायी निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण समय की मांग है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण से लोकतंत्र और अधिक जीवंत तथा सहभागी बनेगा। उन्होंने कहा कि इस आरक्षण को लागू करने में किसी भी प्रकार की देरी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण होगी। एक वीडियो में समाचार पत्रों में दिए गए अपने विशेष लेख का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के आरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा और उसे पारित कराने के लिए 16 अप्रैल को संसद का सत्र बुलाया गया है।

****

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी अब से थोड़ी ही देर बाद नई दिल्ली में पोषण पखवाड़ा के 8वें संस्करण का शुभारंभ करेंगी। पोषण पखवाड़ा का विषय है – जीवन के पहले छह वर्ष में मस्तिष्क का अधिकतम विकास। यह इस बात को मान्यता देता है कि बचपन के पहले एक हजार दिन, मस्तिष्क के विकास, शारीरिक विकास और समग्र स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। पखवाड़े के दौरान राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें माताएं, देखभालकर्ता, परिवार, सामुदायिक संस्थाएं और स्थानीय निकाय भाग लेंगे।

****

नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट के बाद राज्य सरकार वित्तीय प्रबंधन में देश में नंबर वन बनने की तैयारी में है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य अब माइनिंग राजस्व को ग्यारह हजार करोड़ से बढ़ाकर साठ हजार करोड़ करने का लक्ष्य रख रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र से अपेक्षित आर्थिक नहीं मिलने और जीएसटी के घाटे को देखते हुए राज्य अब अपने संसाधनों और कर संग्रहण को मजबूत करने पर जोर देगा।

****

भारतीय जनता पार्टी ने बोकारो सहित चार जिलों के कोषागार से हुई अवैध निकासी पर राज्य सरकार पर हमला बोला है। प्रदेश प्रवक्ता अजय शाह ने साढ़े चार करोड़ के इस घोटाले की सीबीआई या न्यायिक जांच की मांग की है। उन्होंने इसमें पुलिस अधीक्षक और जैप–आईटी की भूमिका पर सवाल उठाते हुए जल जीवन मिशन और डीएमएफटी फंड की भी जांच की जरूरत जताई है।

****

राजधानी रांची के बुनियादी ढांचे को कल एक नई सौगात मिलने जा रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना की आधारशिला रखेंगे। कार्यक्रम का भव्य आयोजन रांची के विकास –नेवारी चौक पर किया जाएगा। इस परियोजना से क्षेत्र की कनेक्टिविटी और यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार होने की उम्मीद है।

****

गिरिडीह नगर निगम की पहली बोर्ड बैठक में आज प्रधानमंत्री आवास, ट्रैफिक और जलसंकट जैसे 9 अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में शामिल नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने पार्षदों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर शहर के विकास में जुटने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता को जवाब देने के लिए काम करना ही एकमात्र रास्ता है।

****

रांची के हटिया स्टेशन पर आरपीएफ ने ऑपरेशन नार्कोस के तहत बड़ी कामयाबी हासिल की है। कमांडेंट पवन कुमार के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में लगभग 17 किलो गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। जब्त मादक पदार्थ के साथ आरोपी को जीआरपीएस को सौंपकर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।